पूर्व मध्य रेल

# संरक्षा बुलेटिन नं0–08/25

कार्यालय
महाप्रबंधक/संरक्षा
हाजीपुर

पत्र सं0 ईसीआर/संरक्षा बुलेटिन/08/25 दिनांकः 22.05.2025

विषयः सोनपुर मंडल में पहलेजा भरपुरा जं0 स्टेशन पर गाड़ी संख्या UP SV BCN (लोडेड) के आधे भाग में प्रेशर नहीं पाये जाने के विषय में ।

## 1. संक्षिप्त विवरणः

दिनांक 25/26.04.2025 को गाड़ी संख्या सं0 UP SV BCN (लोडेड) सोनपुर मंडल के पहलेजा भरपुरा स्टेशन पर रात्रि के 01.38 बजे पहुँची और क्रू द्वारा रेस्ट मांगे जाने पर स्टेबल कर दिया गया । इस गाड़ी का बीपीसी पूर्व सीमा रेल के एन जी सी टी यार्ड/लामडिंग मंडल से जारी हुआ था । जब नया क्रू सेट पहुँचा तो जॉच के दौरान गाड़ी इंजन से 21 वें एवं उसके आगे के वैगनों में ब्रेक नहीं काम कर रहा था । कैरेज एण्ड वैगन द्वारा जॉच करने पर 20 वैगनों में ही ब्रेक लग रहा था । किसी वैगन में लिकेज नहीं मिला । सभी वैगनों का हॉज कपलिंग सही पाया गया । पूरे रैक के मैनुअल DV रिलीज किया गया किन्तु ब्रेक नहीं लगने के कारणों का पता नहीं चल सका । इंजन से 21 वें वैगन को बायपास कर देने पर पूरे रैक में ब्रेक लग गया । तत्पश्चात सिक लाइन में विस्तृत जॉच की जरूरत बता कर गाड़ी को गन्तव्य के लिए रवाना कर दिया गया ।

## 2. प्रकियागत विफलताः

दिनांक 07.05.2025 को सिकन्दराबाद पहुँचने पर जॉच करने पर उक्त गाड़ी का 21वॉ वैगन वायपास कपलिंग युक्त आगमन दर्ज किया गया । अनलोडिंग के बाद उक्त वैगन को सिक लाइन पर जॉच किया गया, जहॉ यह पाया गया कि–

(i) ट्रेन इंजन से ब्रेक पाइप से प्रेशर गिराने पर ब्रेक नहीं लगा ।

(ii) आपातकालीन ब्रेक सिस्टम काम कर रहा था ।

(iii) ट्रेन इंजन से ब्रेक पाइप रिचार्ज करने पर ब्रेक समय से रिलीज नहीं हो रहे थे, जो प्रभावित वैगन के ब्रेक पाइप में ब्लॉकेज दर्शाता है ।

(iv) ब्रेक पाइप के आंतरिक अवरोधों की जॉच के लिए वीडियोस्कोप यंत्र का इस्तेमाल नहीं किया गया था ।

## 3. जॉच के दौरान स्थापित तथ्यः

विस्तृत जॉच के लिए, वीडियो–स्कोप यंत्र जो आंतरिक अवरोधों को खोजने के लिए प्रयोग किया जाता है, का इस्तेमाल करके BP पाइप से फ्लेंज ज्वाइंट को खोला गया । निरीक्षण में पाया गया कि आंशिक रूप से टूटा हुआ प्लास्टिक का सुरक्षा कैप एक फ्लेंज ज्वाइंट के अंदर था जो कि एअरफ्लो को बाधित कर रहा था ।

4. नियमों का अनुपालन एवं बरती जानेवाली सावधानियाँ

(i) प्लास्टिक वाली प्रोटेक्टिव कैप पाइप लाइन्स के खुले छोरों को स्टोरेज एवं पारगमन के समय नुकसान से बचाने के लिए खुले छोरों को बंद करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है ।

(ii) प्लास्टिक कैप को असेम्बली से पहले अवश्य हटा लेना चाहिए ।

(iii) वैगनों के निर्माण के समय गुणवत्ता नियंत्रण पर पूर्ण ध्यान रखना चाहिए एवं सभी तरह के असेम्बली चूक से बचना चाहिए ।

(iv) संरक्षा कर्मचारी पूरे रेक में ब्रेक लग रहा है इसकी जॉच करते रहे एवं कमी पाए जाने पर इसकी सूचना अविलम्व दे ताकि सिक लाइन में समय से जॉच हो सके ।

उपरोक्त निर्देशों का सर्वसंबंधित द्वारा कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए । मंडलों के संबंधित अधिकारीगण तथा पर्यवेक्षक नियमित तथा औचक निरीक्षण के समय इन निर्देशों का अनुपालन अवश्य देखें।

22/05/25

(प्रभास राघव)
उप मुख्य संरक्षा अधिकारी/यातायात

प्रतिलिपिः–

1. महाप्रबंधक के सचिव–महाप्रबंधक महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. अपर महाप्रबंधक, प्र0 मु0 परि0 प्र0, प्र0 मु0 इंजी0, प्र0 मु0 वि0 इंजी0, प्र0 मु0 सि0 एवं दू0 इंजी0, प्र0 मु0 यां0 इंजी0 –को सादर सूचनार्थ।
3. मु0 यां0 यो0 प्र0, मु0 या0 या0 प्र0, मुख्य ट्रैक इंजी0, मु0 सि0 इंजी0, मु0वि0वि0इंजी0, मु0 वि0 लो0 इंजी0
4. मंडल रेल प्रबंधक/धनबाद, दीनदयाल उपाध्याय नगर, दानापुर, सोनपुर एवं समस्तीपुर।
5. वमसंअ0 वमपरिप्र0 वमंविई0 (टीआरडी), वमंविई0 (परि0), वमंसिदूई0 , वमअभि0 (सम0)धनबाद, दीन दयाल उपाध्याय नगर, दानापुर, सोनपुर एवं समस्तीपुर।
6. सभी सर्व संबंधित पर्यवेक्षक एवं रेल कर्मचारी।